**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

**Guru Ghasidas Vishwavidyalaya**
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 233/बै.प्र./**2024** बिलासपुर, दिनांक : 03-10-2024

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
विद्यापरिषद की स्थायी समिति,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषय :–** विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 189वीं बैठक दिनांक 03.10.2024 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

———0———

**महोदय/महोदया,**

विषयान्तर्गत, दिनांक 03.10.2024 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 189वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

आदेशानुसार

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

पृ0 क्रमांक 234/बै.प्र./**2024** बिलासपुर, दिनांक : 03-10-2024

**प्रतिलिपि :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 189वीं बैठक दिनांक 03.10.2024 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 189वीं बैठक दिनांक 03.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी | सदस्य |
| 4. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 7. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस.तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | डॉ0 बबिता माझी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती श्वेता सिंह | सदस्य |
| 12. | डॉ0 एस. श्वेता | सदस्य |
| 13. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 14. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, डायरेक्टर–आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 15. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्रकल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 16. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 सी.एस. वझलवार
2. प्रो0 एस.सी. तिवारी
3. प्रो0 पी.पी. मूर्ति
4. प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति
5. श्री एच.एन. चौबे, परीक्षा नियंत्रक

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलपति महोदय ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्हेंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में समय निकाल कर आत्म चिन्तन करना चाहिए, इससे हमारे होने का तात्पर्य या अर्थ पता लगता है। हर व्यक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य पता होना चाहिए। जीवन में सबसे बड़ी चीज सहजता है। यदि आप सहज नहीं हैं, तो कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि बड़ा काम करने के लिए बड़ा बलिदान देना पड़ता है। कुलपति महोदय के प्रेरणादायी उद्‌बोधन के पश्चात् निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 188वीं बैठक दिनांक 19.09.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 188वीं बैठक दिनांक 19.09.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 188वीं बैठक दिनांक 19.09.2024 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 188वीं बैठक दिनांक 19.09.2024 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

Ranadive 03-10-2024 03/10/2024

**विषय क्र. 03.** **अध्ययन मण्डल प्रबंध अध्ययन विभाग की बैठक दिनांक 22.08.2024 द्वारा M.B.A. Programme की संशोधित पाठ्यक्रम, NEP based B.B.A. Programme की अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अध्ययन मण्डल प्रबंध अध्ययन विभाग की बैठक दिनांक 22.08.2024 द्वारा M.B.A. Programme की संशोधित पाठ्यक्रम, NEP based B.B.A. Programme के अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन आवश्यक संशोधनों के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**विषय क्र. 04.** **अध्ययन मण्डल Industrial & Production Engineering विभाग की बैठक दिनांक 28.06.2024 द्वारा NEP based B.Tech. Programme एवं Pre Ph.D. Coursework Programme की अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अध्ययन मण्डल Industrial & Production Engineering विभाग की बैठक दिनांक 28.06.2024 द्वारा NEP based B.Tech. Programme एवं Pre Ph.D. Coursework Programme के अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन आवश्यक संशोधनों के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**विषय क्र. 05.** **फार्मेसी विभाग में संचालित– डी.फार्म. भाग–1 एवं 2 (नवीन पाठ्यक्रम) के लिये प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2024–25 के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि फार्मेसी विभाग में संचालित– डी.फार्म. भाग–1 एवं 2 (नवीन पाठ्यक्रम) के लिये प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2024–25 का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 06.** **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों द्वारा मानदेय बढाये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों द्वारा मानदेय बढाये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाए।

**विषय क्र. 07.** **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा मानदेय बढ़ाये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा मानदेय बढ़ाये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाए।

03-10-2024 03/10/2024

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01 विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं के निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना ग्रहण की तथा आंशिक संशोधनों के साथ प्रस्ताव को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

**अ.अ.वि.क्र .02 Centre for excellence for 3D design and manufacturing के प्रस्ताव पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना ग्रहण की तथा आंशिक संशोधनों के साथ प्रस्ताव को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

**अ.अ.वि.क्र .03 Centre for excellence for Augment Reality (AR) and virtual Reality (VR) के प्रस्ताव पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना ग्रहण की तथा आंशिक संशोधनों के साथ प्रस्ताव को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

**अ.अ.वि.क्र .04 विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में D.Sc./D.Lit/L.L.D. कराने हेतु प्रस्तावित अध्यादेश पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद की स्थायी समिति द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में D.Sc./D.Lit/L.L.D. डिग्री हेतु प्रस्तावित अध्यादेश को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया।

**अ.अ.वि.क्र .05 विभिन्न विभागों हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची तैयार करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि विभिन्न कार्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत समस्त सम्बद्ध विभागाध्यक्ष द्वारा अपने–अपने विभागों में पढ़ाये जाने वाले विभिन्न विषयों सें संबंधी विषय विशेषज्ञों (आंतरिक/बाह्य/औद्योगिक/व्यावसायिक) की व्यापक सूची निर्मित की जाय एवं इसे आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय प्रदान किया गया। सूची में सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञों का प्रस्ताव होने की स्थिति में उनकी सेवानिवृत्ति की संस्था का नाम अनिवार्य रूप से होना चाहिए।

**अ.अ.वि.क्र .06 Centre for excellence in AI and Data Science for Social Benifit के प्रस्ताव पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना ग्रहण की तथा आंशिक संशोधनों के साथ प्रस्ताव को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

**अ.अ.वि.क्र .07 नटराज कला मंच के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं (गायन/नृत्य/ड्रामा/सांस्कृतिक गतिविधियों) के विजेताओं के संबंध के चयन में विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना ग्रहण की तथा आंशिक संशोधनों के साथ प्रस्तावं को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

**अ.अ.वि.क्र .08 विभिन्न विभागों में कार्यरत् शिक्षकों द्वारा कैस के अंतर्गत प्रोन्नयन हेतु पूर्व सेवा जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु प्रपत्र पर विचार संबंधी।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा समिति की अनुशंसा एवं प्रस्तावित प्रपत्र को अनुमोदित करने का निर्णय प्रदान किया गया।

Ranadive 03-10-2024

03/10/2024

**अ.अ.वि.क्र .09 विश्वविद्यालय के निर्धन छात्रों की सहायता हेतु लागू विश्वविद्यालय सुदामा योजना में स्व–वित्तीय पाठ्यक्रमों पर लागू करने के प्रकरण के संबंध में।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा यह निर्णय लिया कि विभिन्न विभागों में चालू स्व–वित्तीय पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय सुदामा योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जाये।

यह भी निर्णय लिया गया कि इस हेतु पूर्व में जारी कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 3040/स्था/प्रशा/2024 दिनांक 30.08.2024 एवं सुदामा योजना हेतु निर्मित नियमावली में आवश्यक संशोधन किये जाये।

**अ.अ.वि.क्र .10 विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों में कक्षाओं हेतु कक्षों के समुचित आबंटन के संबंध में।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा यह निर्णय लिया कि विभिन्न अधिष्ठाता उनके विभागों एवं निकटवर्ती विभागों में उपलब्ध कक्षों का अनुकूलतम उपयोग सुनिश्चित करेंगे तथा इस हेतु विभिन्न कक्षाओं हेतु कक्षों का उपयोग प्रातः 08 बजे से सायं 06 बजे तक करने की अनुमति प्रदान की गई।

इसी प्रकार प्रायोगिक कार्य हेतु विभिन्न विभागों में उपलब्ध कम्प्यूटर लैबों को भी विभागों द्वारा आपस में सहभागिता करने के निर्देश प्रदान किये गये।

**अ.अ.वि.क्र .11 विभिन्न विभागों/अनुभागों में प्रतिस्थापित CCTV camera के रख–रखाव एवं संचालन के संबंध में।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विभागाध्यक्ष उनके विभागों/अनुभागों में प्रतिस्थापित CCTV camera के रख–रखाव की कार्यवाही स्वयं करेंगे तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विभागों में प्रतिस्थापित CCTV camera सही तौर पर कार्य कर रहें है।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

Ranadive 03-10-2024 — 03/10/2024

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव — कुलपति/अध्यक्ष